राष्ट्रीय वक्फ सम्मेलन ने वक्फ से संबंधित योजनाओं और उनके क्रियान्वयन की समीक्षा की

अल्पसंख्यक मामलों के केन्द्रीय मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नकवी ने आज कहा कि प्रधानमंत्री जनविकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के तहत उनका मंत्रालय देशभर में वक्फ संपत्तियों में स्कूलों,कॉलेजों,आईटीआई,कौशल विकासकेन्द्रों,बहुउपयोगी सामुदायिक केन्द्रों(सद्भाव मंडप),हुनर हब,अस्पतालों और व्यवसाय केन्द्रों आदि का निमार्ण करेगा।देश में आजादी के बाद पहली बार ऐसा होगा। नयी दिल्ली में एक दिवसीय वक्फ सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री नकवी ने कहा कि गत सप्ताह केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जिस प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम को मंजूरी दी गयी उसके तहत वक्फ की परिसंपत्तियों का इस्तेमाल सामाजिक ,आर्थिक और शैक्षणिक रूप से समाज को सशक्त बनाने के लिए आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के निमार्ण के लिए किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि 308 जिलों, 870 ब्लॉकों, 331 शहरों और हजारों गावों को इस योजना के दायरे में लाने की व्यवस्था की गयी है। इससे वक्फ की संपत्तियों का इस्तेमाल समाज की भलाई के लिए किया जा सकेगा। देश में इस समय वक्फ की करीब पांच लाख 71 हजार पंजीकृत संपत्तियां हैं। श्री नकवी ने कहा कि वक्फ की परिसंपत्तियां के बेहतर इस्तेमाल तथा दशकों से विवादों में उलझी कई वक्फ परिसंपत्तियों को इन विवादों से छुटकारा दिलाने के लिए वक्फ नियमों को सरल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि जटिल नियमों के कारण ही विभिन्न राज्यों में मौजूद वक्फ संपत्तियों का सही इस्तेमाल नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ऐसे मुतवल्लियों को पुरस्कृत करेगी जो समाज की भलाई और खासतौर से बालिकाओं को शिक्षित कर उन्हें सशक्त बनाने के लिए वक्फ की संपत्तियों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करेंगे। श्री नकवी ने कहा कि यह पुरस्कार हर साल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वक्फ मुतव्वली देशभर में वक्फ संपत्तियों के संरक्षक होते हैं। ऐसे में उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन सपत्तियों का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय की बेहतरी के लिए भी हो। श्री नकवी ने कहा कि केन्द्रीय वक्फ परिषद् राज्य के वक्फ बोर्डों को अपने रिकार्डों का डिजटलीकरण करने के लिए हर संभव मदद दे रही है। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि ये वक्फ बोर्ड निर्धारित समय में यह काम पूरा कर सकें। अब तक 84 प्रतिशत वक्फ संपत्तियों के रिकार्ड का डिजटलीकरण हो चुका है बाकी का काम भी जल्दी ही पूरा कर लिया जाएगा।उन्होंने कहा कि राज्य वक्फ बोर्डों को वक्फ संपत्तियों के संरक्षण और रखरखाव तथा उनके विकास और उन्हें कानूनी विवादों से छुटकार दिलाने के लिए केन्द्र की ओर से दो कानूनी सलाहकार अधिकारी, दो क्षेत्रीय वक्फ अधिकारी और दो सर्वेयर मुहैय्या कराए गए हैं।

भारत का प्रथम सिलिकोन स्टोर जोनटोम का शहर में पदार्पण

एबीसीडी ग्रुप ऑफ कंपनी द्वारा भारत का प्रथम सिलिकोन स्टोर जोनटोम का शुभारंभ किया गया है। जिसने राज्य में अपना नेटवर्क बढाने का निर्णय लिया है। यह शुभारंभ भारत के सबसे व्यस्त शहर माने जाते अहमदाबाद से शुरू किया गया इससे विशेष कुछ हो नहीं सकता। यहां के लोगों को थीम बेज्ड पार्क इमेजिका का भरपूर लुत्फ उठाया नहीं है। जोनटोम के पास इस पार्क का एक एक से अफलातून उत्पादन है और जो इस पार्क का अधिकृत मर्चेन्डाइज है। इस गठबंधन के भागरूप जोनटोम इस पार्क के उत्पादन जिसमें इनके कैरैक्टर, सॉफ्ट टॉय्स , वस्6 और विविध साधनों का समावेश होता है, इसकी बिक्री करेंगे। इस गठबंधन के कारण भारत एमेजिका थिम पार्क की और निकट आयेगा।भारत के लोग अब जोनटोम में से इमेजिका का टिकट बुक करा सकेंगे।क्योंकि यह इमेजिका का अधिकृत टिकटिंग पार्टनर भी है। कंपनी के इमेजिका साथ के गठबंधन का स्वागत करते हुए एबीसीडी ग्रुप ऑफ कंपनी के स्थापक जिगर पारेख ने कहा कि जोनटोम कंपनी के अहमदाबाद शहर में शुरू होने के साथ एक नयी शुरूआत हो रही है। भारत के दैनिक जीवन में जरूरी ऐसे सुरक्षित उत्पादन जोमटोम उपलब्ध करायेगा।हमारे उत्पादन फूड ग्रेड सिलिकोन से बनें होने की वजह से सुरक्षित है। इमेजिका के साथ जुड़कर उनके मर्चेन्डाइजिंग एवं बुकिंग पार्टनर बनने की हमें खुशी है। -

नमामि गंगे कार्यक्रम को सुदढ़ बनाने के लिए जीआईएस प्रोद्यौगिकी का उपयोग

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) ने भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) प्रौद्योगिकी का उपयोग करके गंगा कायाकल्प कार्य को पूरा करने के उद्देश्य से 1767 में गठित भारत के सबसे पुराने विभाग, भारतीय सर्वेक्षण विभाग को अपने साथ जोड़ा है। इस परियोजना को कार्यकारी समिति की बैठक में मंजूर किया गया था और इसकी अनुमानित लागत 86.84 करोड़ रूपये है। एनएमसीजी का लक्ष्य राष्ट्रीय/राज्य/स्थानीय स्तर पर योजना निर्माण तथा इसका कार्यान्वयन है। परियोजना में डिजीटल इलिवेशन मॉडल (डीईएम) प्रौद्योगिकी का उपयोग शामिल है जो सटीक आंकड़ा संग्रह सुनिश्चित करता है। यह नदी-बेसिन प्रबंधन योजना का एक महत्त्वपूर्ण घटक है। डीईएम प्रौद्योगिकी पूरे क्षेत्र की स्थलाकृति की पहचान करता है। इससे नीति निर्माता आसानी से उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण कर सकते हैं। इस प्रकार यह नीति निर्माण प्रक्रिया को सहायता प्रदान करता है। इस तकनीक से महत्त्वपूर्ण स्थानों की पहचान की जा सकती है। जीआईएस प्रोद्योगिकी का उपयोग विकेंद्रीकरण भी सुनिश्चित करेगा। संग्रह किये गए आंकड़ों तथा सरकार द्वारा उठाए गये कदमों की जानकारी पोर्टल व मोबाईल एप के माध्यम से स्थानीय लोगों के साथ साझा की जा सकती है। स्थानीय लोग अपनी प्रतिक्रिया दे सकते हैं। इस प्रकार यह आपसी संवाद सुलभ करेगा तथा एक पारदर्शी मंच साबित होगा। प्रभावी निर्वहन प्रबंधन के लिए औद्योगिक, व्यावसायिक और सभी अन्य प्रकार की संस्थाओं से निकलने वाले सीवेज की मैपिंग की जाएगी। जीआईएस प्रोद्योगिकी से नदी के दोनों किनारों पर प्रस्तावित उच्च क्षमता वाली संरक्षित क्षेत्रों के नियमन में सहायता मिलेगी।

राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन में गंगा बेसिन राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व पश्चिम बंगाल के राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को सुदृढ बनाने से संबंधित एक परियोजना को मंजूरी दी है ताकि वे समय-समय पर जल की गणवत्ता सत्यापित कर सकें। प्रदूषण मूल्यांकन और जल गुणवत्ता निगरानी के लिए प्रयोगशालाओं में आधुनिक उपकरण लगाए जाएंगे तथा प्रशिक्षित विज्ञानकर्मियों को नियुक्त किया जाएगा। राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को सुदृढ बनाने की परियोजना की अनुमानित लागत 5 वर्षों के लिए 85.97 करोड़ रूपये है।

पश्चिम बंगाल में हुगली-चिनसुरह और महेशतला नगरपालिकाओं में सीवेज अवसंरचना को विकसित करने के लिए 358.43 करोड़ रूपये मंजूर किये गए हैं। इन दोनों परियोजनाओं के पूरे होने से 56 एलएलडी सीवेज पानी सीधे गंगा में बहने से रूक जाएगा।

महेशतला एक प्रमुख शहर है और यह वृहत कोलकाता का एक हिस्सा है। महेशतला परियोजना में पृथक सीवर नेटवर्क (27 किलोमीटर), एक एसटीजी (26 एमएलडी), मौजूदा बुनियादी ढांचे की मरम्मत कार्य और 15 वर्षों तक संचालन व रखरखाव आदि शामिल हैं। इनकी कुल लागत 198.43 करोड़ रूपये है। 160 करोड़ रूपये की लागत से हुगली-चिनसुरह परियोजना में एक एसटीजी का निर्माण (29.3 एमएलडी), 20 किलोमीटर सीवर लाइन का निर्माण, 2 पंपिंग स्टेशनों का निर्माण, मौजूदा बुनियादी ढांचे का मरम्मत कार्य तथा 15 वर्षों तक संचालन व रखरखाव आदि शामिल हैं। ये दोनों परियोजनाएं पीपीपी मॉडल आधारित हाइब्रिड एन्यूटी के अन्तर्गत मंजूर की गई हैं।

531.24 करोड़ रूपये की लागत वाली ये 4 नई परियोजनाएं राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की 11 वीं कार्यकारी समिति की बैठक में मंजूरी की गई थी। इस बैठक की अध्यक्षता एनएमसीजी के महानिदेशक श्री राजीव रंजन मिश्रा ने की थी।

संपादक-चुनीलाल एस. भट्ट, मुद्रक एवं प्रकाशक-मयुर सी. भट्ट, प्रकाशन स्थल-201, 202, 208 नंदन कोम्प्लेक्ष, मीठाखली, अहमदाबाद-6. मालिक-कल्याणी पब्लिकेशन प्रा.लि. द्वारा महादेव ऑफसेट, एच-47, रवि एस्टेट, रूस्तम मिल कम्पाउंड, दूधेश्वर, अहमदाबाद में छपवाकर प्रकाशित किया। फोन-26568477, 26409779. E : alpaviram1@yahoo.com

फिनटेक वैली विजाग और नॉलेज पार्टनर केपीएमजी ने स्टार्टअप 'मार्केट कनेक्ट 2018' की घोषणा की

आंध्र प्रदेश सरकार की एक पहल के तहत फिनटेक वैली विजाग ने एक प्रदर्शन दिवस (डेमोडे) का आयोजन किया ताकि स्टार्टअप्स अपने समाधानों को बैंकिंग एवं वित्तीय उद्योग से जुड़े शीर्ष कॉरपोरेट्स के समक्ष प्रदर्शित कर सकें। इस कनेक्ट के एक हिस्से के रूप में आठ कॉरपोरेट भागीदार जो अभिनव समाधानों की तलाश में थे, ने अपने 19 उच्च प्राथमिकता वाले केसेज को शेयर किया। इन कॉरपोरेट्स भागीदारों में आईसीआईसी लोम्बार्ड, डीसीबी, कोटक महिन्द्रा, आरबीएल बैंक, फुलरटन इण्डिया, आईडीएफसी, टाटा कैपिटल और बजाज एलियांज शामिल है।

यह इनोवेशन चैलेन्ज तीन चरणों में आयोजित किया गया था। पहले चरण चैलेन्ज चरण था जो फरवरी 2018 में आयोजित किया गया इसमें स्टार्टअप्स के उपयोग के लिए खोले गए। इस चरण में पूरे भारत से 120 अधिक स्टार्टअप्स के आवेदन प्राप्त हुऐ तथा कुछ विश्व के अन्य हिस्सों से भी आये। इसके बाद इन्हें छांटने का चरण हुआ जिसमें स्टार्टअप्स को प्राथमिक जांच प्रक्रिया के लिए भेजा गया। इनमें से अंतिम रूप में 38 स्टार्टअप्स का चयन कॉरपोरेट भागीदारों की सहभागिता में फायनल डेमो के लिए किया गया। डेमो दिन के बाद 4 मई को मुम्बई में स्टार्टअप्स के फायनल सेट को केरी फ्रूफकान्सेप्ट का अवसर दिया गया, जो सभी कॉर्पोरेट के साथ था, जिनमें से सभी को फिनटेक वैली विजाग में निष्पादित करने की आवश्यकता होगी। (19-10)

प्लेटीनमप्लेटीनम ज्वैलरी की भेंट देकर मनाये मदर्स डे

आपका अस्तित्व इनके कारण ही है। आपकी जीवनगाथा उनके पेट से शुरू होकर आप जहां तक स्वतंत्र व्यक्ति नहीं बनते तब तक उनके प्रेम की छांव में पलते है। वे आपके लिए विशेष है, जो आपके जीवन में अनेक भूमिकाएं अदा करती है। जो और कोई कर नहीं सकता । आप ही उनके लिए सर्वस्व है, वे आपकी माता है। जो आपको प्रेम और आश्वासन देती रहती है।

आपकी मोम के साथ आपका ऋणानुबंध एक विशेष प्रकार की भेंट से सम्मानित करना चाहिए और वह है प्लेटीनम। प्लेटीनम विश्व में मिलनेवाली अनमोल धातु है। जो सोने से 30 गुना तेज है। लंबे समय तक कोई नुकशान नहीं होता । इस प्रकार की भेंट देकर माता के प्रति अपना प्रेम योग्य रुप से प्रगट कर सकते है।

मदर डे के उपलक्ष्य में खास डिजाइन किये गये नेकलेस, पेन्ड्न्ट्स , ब्रेसलेट्स, सरल लेकिन सुन्दर दिखती चेन आपकी मदर को भेंट दे सकते है। यह प्लेटीनम ज्वैलरी देखकर आपकी माता भी खुश हो जाएगी। प्लेटीनम के गहने की रेन्ज 40 हजार रुपए से शुरू होती है। जो धातु के आकार वजन पर निर्भर करती हैं. इसके अलावा इसमें हीरा भी जड़ा गया है। -

अच्छे सिबिल स्कोर वाले उपभोक्ताओं को बैंक ऑफ इंडिया की तरफसे अधिमान्य ब्याज दर का प्रस्ताव

मुंबई, 30 लाख रुपये या उससे अधिक के गृह ऋण पर अच्छे सिबिल स्कोर वाले उपभोक्ताओं को बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) अधिमान्य ब्याज दर प्रदान कर रहा है।

इस पहल से बैंक 760 और इससे अधिक के सिबिल स्कोर वाले उपभोक्ताओं के लिए धन आधारित ऋण दर (एमसीएलआर) पर होम लोन प्रदान करेगा। एमसीएलआर किसी भी बैंक की वह न्यूनतम ब्याज दर है जिसके नीचे वह उधार नहीं दे सकता है।

उपभोक्ता का सिबिल स्कोर क्रेडिट सूचना रिपोर्ट (सीआईआर) का 3-अंकीय संख्यात्मक सारांश है - जो कि पिछले क्रेडिट व्यवहार और पुनर्भुगतान इतिहास पर आधारित है - और इसकी रेंज 300 से 900 तक है। स्कोर जितना अधिक होगा, बेहतर ऋण स्वीकृति की संभावना है।ज्यादातर बैंक ऋण को मंजूरी देने से पहले उपभोक्ता के सिबिल स्कोर और रिपोर्ट की जांच करते हैं।

बैंक ऑफइंडिया ने यह जानकारी देते हुए बताया, ''हम अपने ग्राहकों को बेहतर, सक्रिय और अभिनव पेशकश प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, खास तौर पर तब जब उन्हें क्रेडिट की जरूरत होती है। अच्छे क्रेडिट अनुशासन वाले उपभोक्ताओं को पुरस्कृत किया जाना चाहिए, क्योंकि इससे एक बेहतर वित्तीय रिकॉर्ड के महत्व को समझा जा सकता है। हमारे अधिमान्य ब्याज दर के प्रस्ताव का उद्देश्य प्रतिस्पर्धी ब्याज दर के साथ उच्च स्कोरिंग वाले होम-लोन आवेदकों को पुरस्कृत करना है, जिससे उन्हें अपने सपनों के आशियाने को वास्तविकता में बदलने में मदद मिल सके।''(1)

मार्शल अर्जन सिंह स्मारक अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट

भारतीय वायु सेना के दिवंगत मार्शल अर्जन सिंह डीएफसी भारतीय वायु सेना के पहले और एकमात्र ' पंचसितारा' रैंक अधिकारी थे जो हॉकी खेल के जबर्दस्त प्रेमी थे। भारतीय वायु सेना की कहानियां हमेशा से वायु सेना के योद्धाओं के लिए एक प्रेरणा रही हैं और वे न केवल युद्ध भूमि में बल्कि खेल संबंधी गतिविधियों में भी अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं।

पहला 'मार्शल अर्जन सिंह स्मारक' अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन महान जवानों को सम्मानित करने के लिए भारतीय वायु सेना नियंत्रण बोर्ड, नई दिल्ली द्वारा किया जा रहा है।

हॉकी के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एवं इसके महत्व को फिर से बहाल करने के लिए चंडीगढ़ में 07 मई, 2018 से 12 मई, 2018 तक 16 टीमों (देश की 8 उत्कृष्ट क्लब टीमों का सशस्त्र बलों एवं अर्ध सैन्य बलों की आठ टीमों के साथ) को जोड़ते हुए एक राष्ट्रीय स्तर टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।

वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ पीवीएसएम एवीएसएम वाईएसएम वीएम एडीसी 12, 2018 को आयोजित होने वाले पहले मैच के मुख्य अतिथि होंगे। पूर्वानुलोकन एवं प्रेस कांफ्रेस का आयोजन 06 मई, 2018 को किया जाएगा। खेल का आनंद लेने और इस अवसर पर उपस्थित रहने के लिए विख्यात खेल हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया है।

दिषा पटानी फ्रेषलुक कलर कॉन्टैक्ट लेंस का नया चेहरा

ग्लोबल आई केयर प्रमुख अल्कॉन - नोवार्टिस का हिस्सा, के कलर कॉन्टैक्ट लेंस फ्रेशलुक ने बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पटानी को अपना ब्रांड एम्बेसेडर नियुक्त किया है। ब्रांड नये रंगों की विस्तृत श्रृंखला पेश करता है। कलर-ब्लेन्ड तकनीकी यह सुनिश्चित करती है कि सभी रंगों का प्रभाव शानदार और मोहक है।

आपकी आंखें पहली ऐसी चीज है जिससे लोग आपके बारे में नोटिस करते हैं। अल्कॉन फ्रेशलुक कलर कॉन्टैक्ट लेंस आपके चेहरे को त्वरित सुंदरता प्रदान करता है। कॉन्टैक्ट लेंस एक ट्रेंडी फैशन फन एसेसरीज है जिससे एक महिला स्वयं को कई तरीको से व्यक्त करती है। बस फ्रेशलुक कलर लेंस की विस्तृत रेंज से कलर का चुनाव करें और अपनी आंखों के रंग को ब्लू, ग्रे, ग्रीन, प्योर हेजल, एमेथिस्ट, टरक्वाइस और स्पार्कलिंग ब्राउन रंगों से किसी भी रंगत को जीवंत बना सकती हैं।

फ्रेशलुक का नया चेहरा, दिशा पटानी ने कहा, ''मैं अपनी ताजगी और जीवन के मजाकिया दृष्टिकोण के लिए जानी जाती हूं और मेरे ग्लैमर को सम्मोहक

Disha Patani The new face of Freshlook color contact lenses

बनाने के लिए फ्रेशलुक मुझे अत्यन्त आरामदायक पहनने का अनुभव प्रदान करता है।

दिशा के साथ ब्रांड एसोसिएशन के बारे में बोलते हुए अल्कॉन विजन केयर की बिजनेस यूनिट हेड, मिस. पांचाली उपाध्याय ने कहा कि ''हम सभी दिशा की बेहद ताजगी भरी स्टाइल से प्यार करते हैं।'' ये कलर कॉन्टैक्ट लेंस दिशा की पसंद हैं क्योंकि ये उनको प्राकृतिक चमकते व्यक्तित्व प्रदान करने के लिए ग्लैमर और आकर्षण का समावेश करता है। वह फ्रेशलुक के सभी लेंस से प्यार करती है जो उसकी स्टाइल को सुंदर बना सकते हैं। (4)

फ्यूचर कंज्यूमर लिमिटेड के बेबी केयर ब्रांड, प्युरेटा ने स्मार्ट एसेसरीज की श्रृंखला लॉन्च की

फ्यूचर कन्ज्यूमर लिमिटेड (एफसीएल) के बेबी केयर ब्रांड प्युरेटा द्वारा 0 से 3 साल के बच्चों के लिए उपयोग की जाने वाली आसान, स्मार्ट और किफायती एसेसरीज की श्रृंखला लॉन्च की गई है।गारंटीकृत सर्वोत्तम गुणवत्ता, सभी प्युरेटा उत्पाद 100त्न खाद्य ग्रेड प्लास्टिक से बने होते हैं और बीपीए मुक्त होता है। प्युरेटा उत्पाद पूरी तरह से सुरक्षित और मानक हैं और आईएसआई, बीएसआई और एएन अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा प्रमाणपत्रों का अनुपालन करते हैं।

एक नई सीरीज़ पेश करने के बारे में, फ्यूचर कंज्यूमर लिमिटेड के डायरेक्टर, अश्नी बियानी ने कहा कि भारत में ऑर्गेनाइज्ड बेबी केयर बाजार शुरुआती चरण में है। प्युरेटा इस श्रेणी मंप एक राष्ट्रीय ब्रांड होगी जो माता-पिता और बच्चे की सभी आवश्यकताओं को पूरा करेगी।पेरेंटिंग एक साधारण प्रक्रिया नहीं है क्योंकि यह भावनात्मक और शारीरिक इन्वॉल्वमेंट की मांग करता है। पेरेंटिंग एक साधारण प्रक्रिया नहीं है क्योंकि यह भावनात्मक और शारीरिक आविष्कार चाहता है। स्मार्ट और आसान उत्पादों के माध्यम से, सभी माता-पिता बिना किसी कठिनाई के पेरेंटिंग के हर पल का आनंद ले सकते हैं।

बेबी केयर उत्पादों की प्युरेटा श्रृंखला में 7 प्रमुख केटेगरी में और 45 उत्पाद जिनमें बोतलंर और निपल्स, ड्रॉपिंग बोतलें, सीपर्स और ट्रेनिंग कप्स, डाइनिंग एक्सेसरीज़,पेसिफियर और टेटर्स, बेबी वाइप्स और सफाई सहायक उपकरण शामिल हैं, जिनकी लागत केवल 99 रुपये है से शुरू होती है। (19-10)

स्नैपडील ने बच्चों के लिए खिलौने खरीदने का अपनी तरह के अनोखे अनुभव की पेशकश

स्नैपडील ने माता-पिता के लिए अपने 1-8 वर्श के बच्चों को सही खिलौने चुनने में मदद करने के लिए अपनी तरह का एक अनोखा ''षॉप-बाई-स्किल'' स्टोर षुरू किया है जिससे बच्चों के भीतर महत्वपूर्ण कुषलताएं विकसित की जा सकें। बच्चों के विकास के प्रत्येक पहलू के लिहाज से बच्चों के लिए कई संवादपरक और आकर्शक खिलौने तैयार किए गए हैं जिनमें देखने, महसूस करने और पहचानने की कुषलताओं से लेकर मांसपेषियों की गतिविधियों संबंधी कुषलताओं को बेहतर बनाने, भाशाई कुषलताओं तक और जिनमें याददाष्त, रचनात्मकता और सोचने की कुषलताओं तक सब कुछ षामिल है।

इस स्टोर में 1,000 से अधिक उत्पादों की श्रृंखला मौजूद है। इनमें गतिविधि आधारित सीखने की अवधारणाएं, रचनात्मकता, विनिर्माण और समस्या समाधान संबंधी खेल षामिल हैं। इसके साथ ही जिन माता-पिता को लगता है कि उनके बच्चों की दिलचस्पी एसटीईएम (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) में है, वे रोबोटिक्स किट्स, सोलर किट्स, स्मार्ट घड़ियां, लैपटॉप और वैज्ञानिक खिलौनों से जुड़े उपकरण हैं जो स्मार्ट प्रौद्योगिकियों को समेटे हैं।

कंपनी ने समसामयिक सीखों और विकास उत्पादों तक तक साधारण और किफायती पहुंच मुहैया कराने की ओर अपना ध्यान केंद्रित किया है जो मजेदार और जोड़ने वाले हों। (16)

हरदीप पुरी भोपाल में स्मार्ट सिटीज के सीईओ के पहले बड़े सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे

आवास और शहरी कार्य राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हरदीप पुरी कल अर्थात 08 मई, 2018 को भोपाल में स्मार्ट सिटीज के सीईओ के पहले बड़े सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। 25 जून, 2015 को शुरू किया गया स्मार्ट सिटीज मिशन (एससीएम) शहरी अभियानों में सबसे अधिक परिवर्तनकारी मिशन है। डिजिटली सक्षम स्मार्ट सिटी सेन्टर बनाने, दोबारा सड़कों के डिजाइन तैयार करने, इमारतों की छतों पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं से शहरी रूपान्तरण की प्रक्रिया शुरू हुई है, जिससे शहरों में जीवन अधिक सुविधाजनक हुआ है। इस मिशन के अंतर्गत स्मार्ट सिटी परियोजनाओं के कार्यान्वयन में अहम भूमिका निभाने वाले स्मार्ट सिटी की विशेष कार्य योजना (एसपीवी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) ऐसे परिवर्तनीय परिणाम हासिल करने में महत्वपूर्ण हैं। स्मार्ट सिटी के सीईओ के लिए आपसी सीख लेने और ज्ञान साझा करने के लिए मंच उपलब्ध कराने के वास्ते 8 और 9 मई, 2018 को दो दिवसीय सम्?मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस सम्?मेलन से सीईओ को सभी शहर के नेताओं के अनुभवों से बारिकी से इसकी सफलता और असफलता को समझने का मौका मिलेगा। देशभर के स्मार्ट सिटी मिशनों के सभी बेहतर तरीकों के एक मंच पर उपलब्ध होने से शहर के नेताओं को मदद मिलेगी और नयापन लाने के नये-नये तरीके इजाद करने में समय गंवाने की बजाय सबके अनुभव का उपयोग कर तेजी से इस कार्य में प्रगति की जा सकती हैं। उद्घाटन सत्रों में मिशन की अपनी उच्च महत्व की परियोजनाओं को रेखांकित करते हुए स्मार्ट सिटी के सीईओ पैनल परिचर्चा करेंगे और प्रस्तुति देंगे, जिससे अन्य शहर भी लाभ उठा सकते हैं। इसके अलावा शहर स्तरीय परियोजना कार्यान्वयन की कार्यनीति पर भी चर्चा की जाएगी। स्मार्ट सिटीज मिशन के अंतर्गत शहरों द्वारा लागू किये जा रही विभिन्न परियोजनाओं को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरान प्रतिभागी स्मार्ट सिटी के सीईओ को भोपाल स्मार्ट सिटी द्वारा कार्यान्वित स्मार्ट सिटी परियोजनाओं का भी दौरा करने का भी अवसर मिलेगा।

इसके प्रतिभागियों में स्मार्ट सिटी के सीईओ के अतिरिक्त नगर-पालिका, राज्य और केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि, स्मार्ट सिटी मिशन में सिविल सोसाइटी, अकादमिक संस्थाओं और उद्योग के विभिन्न हितधारक भी शामिल हैं।

आर्थिक मामले विभाग के सचिव श्री एस सी गर्ग ने एडीबी की वार्षिक बैठक के पूर्ण सत्र में भाग लिया

आर्थिक मामले विभाग (डीईए) के सचिव श्री एस सी गर्ग ने कल मनीला में एशियाई विकास बैंक (एडीबी) की 51वीं वार्षिक बैठक के पूर्ण सत्र में भारत की तरफ से भाग लिया और एडीबी की कार्यनीति 2030 का स्वागत किया। श्री गर्ग वर्तमान में एडीबी की 51वीं वार्षिक बैठक में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। सभी गर्वनरों ने अपनी युक्तियां प्रस्तुत कीं।

श्री गर्ग ने अपनी युक्ति में तकनीकी प्रगति के संभावित प्रभावों को ध्यान में रखने की आवश्यकता रेखांकित की जो वर्तमान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स आदि के कारण घटित हो रहे हैं जिससे कि एडीबी सदस्य देशों को इन तकनीकी प्रगति से अधिकतम लाभ हासिल कर सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि कार्यनीति में पश्चिम एशिया और दक्षिण एशिया पर अधिक ध्यान दिया जाना चाहिए क्योंकि पूर्वी एशिया पहले ही अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। श्री गर्ग ने इस पर भी जोर दिया कि एडीबी के निजी क्षेत्र ऑपरेशनों को बढ़ाया जाना चाहिए और इक्विटी भागीदारी पर फोकस किया जाना चाहिए, जैसाकि कार्यनीति में वर्णित है।

श्री गर्ग ने गर्वनरों के बोर्ड के उद्घाटन सत्र में भी हिस्सा लिया जिसके बाद बिजनेस सत्र का आयोजन किया गया। बिजनेस सत्र के दौरान श्री गर्ग ने गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण रोजगार एवं सामाजिक क्षेत्रों के लिए बढ़े हुए समर्थन के लिए एडीबी की सराहना की और ढांचागत क्षेत्र के विकास के प्रति अपना संकल्प दुहराया।

एडीबी के समावेशी विकास को समर्थन देने के संकल्प का स्वागत करते हुए श्री गर्ग ने सदस्य देशों की विशिष्ट जरुरतों एवं प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए नवोन्मेषी वित्तपोषण माध्यमों को विकसित करने की आवश्यकता रेखांकित की।

भारतीय शिष्टमंडल ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग के लिए जापान के बैंक के साथ भी द्विपक्षीय बातचीत की तथा विभिन्न प्रकार के द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की।

स्किल इंडिया ने भुवनेश्वर में आजीविका एवं कौशल विकास मेला का आयोजन किया

कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी) ने नया भारत की भावना का समारोह मनाने के लिए आपस में हाथ मिलाया है जिससे वर्तमान सत्तारूढ़ सरकार के 'ग्राम स्वराज अभियान' को परिवर्द्धित किया जा सके जो सरकार की गरीबोन्मुखी पहलों को लेकर जागरूकता और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा दे रही है।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा, ' हमारी सरकार ने इस देश के सभी लोगों के समर्थन से शासन के 4 सफल वर्ष संपन्न किए हैं। 'सबका साथ सबका विकास' के हमारे विजन का धीरे धीरे प्रभाव दिखने लगा है और हमने इस अभियान की शुरूआत हमारे 'ग्राम' हमारे गांवों पर फिर से फोकस करने के लिए की है।

उन्होंने कहा कि कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री के रूप में, अल्पकालिक एवं दीर्घकालिक दोनों ही प्रकारों के प्रशिक्षण के जरिये हमारी कोशिश स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करने की है।

श्री प्रधान ने कहा कि 'मैं हमारे सभी युवाओं, उनके माता पिताओं और हमारे समाज के लोगों से आग्रह करता हूं कि वे बेशुमार संसाधनों एवं हमारी सरकार द्वारा उपलब्ध योजनाओं का लाभ उठाएं।

इसी परिप्रेक्ष्य में, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय ने भुवनेश्वर के खोरधा के न्यू वीमेंस कॉलेज में एक आजीविका एवं कौशल विकास मेला का आयोजन किया जिसमें समाज के सभी वर्गों के 5000 से अधिक लोगों ने भाग लिया।

रोजगार मेला (प्लेसमेंट ड्राइव) के लिए लगभग 3000 उम्मीदवारों ने पंजीकृत कराया जिसमें यूरेका फोर्ब्स, फ्लिपकार्ट, ओला, रिलायंस डिजिटल, वीएलसीसी जैसी 41 अग्रणी कंपनियों द्वारा 1000 से अधिक प्रत्याशियों का चयन किया गया।

समारोह के दौरान कौशल मेला का भी आयोजन किया गया जिसमें सेक्टर स्किल काउंसिल, बैंकर, प्रशिक्षण साझीदार,उद्योग, आईटीआई आदि जैसे विविध हितधारकों द्वारा प्रदर्शनी आयोजित की गई जिन्होंने प्रत्याशियों एवं उनके अभिभावकों को परामर्श प्रदान किया।

सूचना
कृपया आपके विज्ञापन व समाचार हमारे निम्न लिखित ई-मेल पर ही भेंजे :
alpaviram@gmail.com